NEWS in NUMBERS

40 गोल्ड में इन्वेस्टमेंट
परसेंट रही रेटिंग एजेंसी केयरएज के अनुसार, बीते वित्त वर्ष में कुल सोना खरीदारी में ऐसे लोगों की संख्या. निवेश के लिए सोना खरीदने वालों की संख्या बढ़ी.

04 व्हीकल इंडस्ट्री ग्रोथ रेट
से 6 परसेंट रह सकता है चालू फाइनेंशियल ईयर में पैसेंजर व्हीकल इंडस्ट्री का ग्रोथ रेट. 2025-26 में 8.6 परसेंट की दर से बढ़ा घरेलू यात्री वाहन उद्योग.

14 बैंक में प्रॉफिट
परसेंट बढ़ा एसबीआइ कार्ड्स का प्रॉफिट. एसबीआइ कार्ड्स ने बताया कि जनवरी-मार्च 2026 तिमाही के दौरान उसका लाभ 14 परसेंट बढ़कर 609 करोड़ रुपए रहा है.

11.75 इंडस्ट्रियल डील
अरब डॉलर में सन फार्मा करेगी अमेरिकी कंपनी आर्गेनान का एक्वीजिशन. सन फार्मास्युटिकल इंडस्ट्रीज ने सोमवार को की घोषणा.

03 बिजनेस प्रॉफिट
हजार करोड़ का फायदा अल्ट्राटेक सीमेंट को. बीते वित्त वर्ष 2025-26 की चौथी तिमाही के दौरान अल्ट्राटेक सीमेंट को तीन हजार करोड़ रुपए का लाभ हुआ है.

AAP सांसदों को BJP में मर्जर की मिली मंजूरी

भाजपा की मेंबर्स लिस्ट में दिखाई दे रहे 'आप' के सांसद

NEW DELHI (27 April) : राज्यसभा के चेयरमैन सी.पी. राधाकृष्णन ने आम आदमी पार्टी के सात सांसदों को BJP में मर्जर की मंजूरी दे दी है. इस फैसले के बाद अपर हाउस में AAP की ताकत काफी घट गई है. पहले राज्यसभा में AAP के 10 सांसद थे लेकिन अब यह संख्या घटकर सिर्फ 3 रह गई है. वहीं BJP की संख्या 106 से बढ़कर 113 हो गई है. राज्यसभा की वेबसाइट पर अब ये 7 सांसद भाजपा के मेंबर्स की लिस्ट में दिखाए गए हैं. अब राज्यसभा में आप के जो तीन सांसद बचे हैं उनमें राज्यसभा में पार्टी के नेता संजय सिंह, नारायण दास गुप्ता और संत बलबीर सिंह शामिल हैं.

PIC: FILE PHOTO

24 अप्रैल को राघव, संदीप और अशोक ने मिलकर जॉइन की थी BJP.

'मैं राइट मैन इन रॉन्ग पार्टी'

आप छोड़ने के बाद राघव चड्ढा ने कहा था कि पिछले कुछ सालों से मुझे महसूस हो रहा था कि मैं गलत पार्टी में सही व्यक्ति हूं. इसलिए आज मैं घोषणा करता हूं कि मैं AAP से दूरी बना रहा हूं और जनता के करीब जा रहा हूं. राजनीति में आने से पहले, मैं एक प्रैक्टिसिंग चार्टर्ड अकाउंटेंट (CA) था. इस मंच पर मेरे साथ अलग-अलग क्षेत्रों के लोग थे.

राज्यसभा में पार्टियों की संख्या

- भाजपा- 113
- कांग्रेस- 27-29
- टीएमसी- 13
- डीएमके- 8-10
- आप- 03
- सपा- 4-5
- बीजेडी- 06

ये सांसद बीजेपी में शामिल

बीजेपी में जो 'आप' सांसद शामिल हुए हैं, उनके नाम अशोक कुमार मित्तल, राघव चड्ढा, हरभजन सिंह, संदीप कुमार पाठक, विक्रमजीत सिंह साहनी, स्वाति मालीवाल और राजेंद्र गुप्ता हैं.

बीजेपी सांसद मान्यता की मांग

मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक इन सांसदों ने फ्राइडे को राज्यसभा सभापति को आवेदन देकर खुद को BJP सांसद के रूप में मान्यता देने की मांग की थी, जिसे अब स्वीकार कर लिया गया है.

'महिला विरोधी है केजरीवाल'

स्वाति मालीवाल ने कहा था कि उन्होंने 2006 से केजरीवाल के साथ काम किया, हर आंदोलन में साथ दिया, लेकिन बाद में उनके साथ पार्टी में दुर्व्यवहार हुआ. उन्होंने आरोप लगाया कि उनके घर में उनके साथ मारपीट कराई गई और FIR वापस लेने के लिए दबाव बनाया गया.

'जस्टिस स्वर्णकांता से न्याय की उम्मीद खत्म'

अरविंद केजरीवाल बोले, महात्मा गांधी के सत्याग्रह के रास्ते पर चलूंगा

NEW DELHI (27 April) : दिल्ली के फॉर्मर सीएम अरविंद केजरीवाल जस्टिस स्वर्णकांता के सामने पेश नहीं होंगे. उन्होंने मंडे को जस्टिस स्वर्ण कांता शर्मा को एक चिट्ठी लिखकर कहा कि वह दिल्ली शराब नीति मामले में सीबीआई की अपील याचिका पर उनके सामने खुद या वकील के जरिए पेश नहीं होंगे. हालांकि चिट्ठी में उन्होंने यह भी कहा कि वह बेंच की ओर से जो भी फैसला आएगा, उसे स्वीकार करेंगे. उन्होंने चिट्ठी में लिखा- मेरी जस्टिस स्वर्णकांता से न्याय मिलने की उम्मीद खत्म हो गई है.

मुझे झूठे केस में फंसाया गया

केजरीवाल ने एक्स पर एक वीडियो भी पोस्ट किया जिसमें उन्होंने कहा- जिंदगी में कई बार मौके आते हैं जब जीत या हार मायने नहीं रखती है, उससे भी बड़ा हो जाता है सही और गलत का सवाल. क्या सही है और क्या गलत है. ऐसे समय में हमें ये तय करना होता है कि हम मुश्किल रास्ता चुनेंगे या आसान रास्ता आज मैं भी एक ऐसे मोड़ पर खड़ा हूं.

केजरीवाल ने किया 'सत्याग्रह' का ऐलान!

खबर से संबंधित वीडियो देखने के लिए स्कैन करें ये क्यूआर कोड.

iPOLL

व्हाइट हाउस डिनर जैसे हाई-प्रोफाइल इवेंट में फायरिंग होना क्या सुरक्षा की बड़ी नाकामी है?



1.7K VOTES

आज का सवाल

बिहार शिक्षा विभाग ने अधिकारियों और कर्मचारियों के लिए बायोमेट्रिक उपस्थिति अनिवार्य की, सुबह 9:30 बजे ऑफिस पहुंचना जरूरी। क्या ये फैसला सही है?

वोट देने के लिए क्यूआर कोड स्कैन करें.

वेस्ट बंगाल सेकेंड फेज के लिए चुनाव प्रचार थमा, पीएम मोदी बोले

'4 मई के नतीजों के बाद BJP के शपथग्रहण में मुझे आना है'

142 सीटों पर 1448 कैंडिडेट्स, कल होगी वोटिंग

newsroom@inext.co.in

वेस्ट बंगाल में कल सेकेंड फेज का चुनाव होगा. सेकेंड फेज में 1,448 प्रत्याशी 142 सीटों पर हैं जिसके लिए मंडे को चुनाव प्रचार थम गया है. संडे को विभिन्न दलों की ओर से जमकर प्रचार किया गया. प्राइम मिनिस्टर नरेंद्र मोदी ने मंडे को भरोसा जताया कि विधानसभा चुनाव के बाद भाजपा वेस्ट बंगाल में अगली सरकार बनाएगी और चार मई को परिणाम घोषित होने के बाद वह शपथ ग्रहण समारोह के लिए फिर आएंगे. पीएम मोदी विधानसभा चुनाव के दूसरे और अंतिम चरण के तहत प्रचार के आखिरी दिन उत्तर 24 परगना जिले के बैरकपुर में एक रैली को संबोधित कर रहे थे. उन्होंने सत्तारूढ़ तृणमूल कांग्रेस पर तीखा हमला करते हुए उस पर 'सिंडिकेट राज' चलाने, राजनीतिक हिंसा करने और आर्थिक पिछड़ेपन का आरोप लगाया.

बंगाल चुनाव में अलग रंग

ममता बनर्जी- भवानीपुर की अपनी पदयात्रा के बाद संडे शाम को घर लौट रही थीं ममता, इस दौरान उन्होंने सब्जी खरीदी. उन्होंने सब्जी के साथ-साथ उन्होंने कुछ फल भी खरीदे

पीएम मोदी- प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी पिछले दिनों एक दुकान से झालमुरी खाते हुए नजर आए थे, जिसके वीडियो सोशल मीडिया पर खूब वायरल हुए.

PIC: AGENCY

29 अप्रैल को सेकेंड फेज की वोटिंग
04 मई को आएगा रिजल्ट

सेकेंड फेज के चुनाव से पहले वेस्ट बंगाल पहुंचे पीएम मोदी.

टीएमसी सांसद पर हमला

वेस्ट बंगाल के हुगली में TMC सांसद मिताली बाग पर हमले को लेकर पार्टी ने भाजपा पर गंभीर आरोप लगाए हैं. TMC का कहना है कि गृह मंत्री अमित शाह ने पार्टी नेताओं और कार्यकर्ताओं को धमकी दी थी कि जो भी घर से बाहर निकलेगा, उसे उल्टा लटका दिया जाएगा और उसी के बाद यह हमला हुआ. मिताली बाग पर भाजपा समर्थकों ने हमला किया.

बंगाल DGP का कार्यकाल बढ़ा

केंद्र सरकार ने सेकेंड फेज की वोटिंग से ठीक दो दिन पहले पश्चिम बंगाल के DGP सिद्ध नाथ गुप्ता का कार्यकाल छह महीने के लिए बढ़ा दिया है. सिद्ध नाथ गुप्ता 1992 बैच के IPS अधिकारी हैं. वे 30 अप्रैल 2026 को रिटायर्ड होने वाले थे. चुनाव आयोग ने मार्च में ही सिद्ध नाथ गुप्ता को बंगाल का नया DGP नियुक्त किया था.

'लापरवाही की तो सख्त एक्शन होगा'

बंगाल विधानसभा चुनाव के सेकेंड फेज के लिए 29 अप्रैल को होने वाली वोटिंग से पहले कई क्षेत्रों से विस्फोटकों के मिलने और वोटर्स को धमकाने की घटनाओं को देखते हुए इलेक्शन कमिशन ने सख्त कदम उठाए हैं. कमिशन ने कोलकाता पुलिस कमिश्नर सहित राज्य के सभी डीसीपी, एसपी और थाना प्रभारियों से 24 घंटे के अंदर अपने क्षेत्रों से ऐसे विस्फोटकों को बगैर किसी चूक के जब्त करने को कहा है. साथ ही कहा अगर इसके बाद किसी भी क्षेत्र से विस्फोटक मिलने या वोटर्स के बीच डर फैलाने व धमकाने की कोई घटना होती है तो उस क्षेत्र के पुलिस इंस्पेक्टर व थाना प्रभारी को गंभीर परिणाम भुगतने होंगे. उन्हें बख्शा नहीं जाएगा.

एडीआर रिपोर्ट में 23 परसेंट कैंडिडेट्स पर केस

एडीआर रिपोर्ट में सामने आया है कि 23 परसेंट कैंडिडेट्स पर क्रिमिनल केस दर्ज हैं और 20 परसेंट सीरियस केस रजिस्टर्ड हैं. वहीं फर्स्ट फेज में 2.5 लाख पैरामिलिट्री फोर्स तैनात होने के बावजूद भी जगह-जगह झड़प, पथराव, देसी बम फेंकना जैसी हिंसा दर्ज की गई थी. इसके लिए इलेक्शन कमिशन ऑफ इंडिया ने सभी अधिकारियों को सख्त निर्देश दिए हैं कि 24 घंटे के अंदर बम जैसी विस्फोटक सामग्री जब्त करें. साथ ही सुनिश्चित करें कि चुनाव में हिंसा न हो ऐसा होने पर सख्त कार्रवाई की जाएगी.

रेड अलर्ट निर्वाचन क्षेत्र

- टोटल सीटें- 294
- रेड अलर्ट सीटें- 129 (44%)
- 2021 में- 78 सीटें (27%)

कैंडिडेट्स पर दर्ज क्रिमिनल केस

- टोटल कैंडिडेट्स- 2920
- क्रिमिनल केस- 683 (23%)
- सीरियस केस- 589 (20%)
- महिलाओं के खिलाफ अपराध वाले उम्मीदवार- 192

मिलेनियर कैंडिडेट (1 करोड़+)

- टीएमसी- 103/142 (73%)
- बीजेपी- 73/141 (52%)
- कांग्रेस- 36/142 (25%)
- माकपा- 33/100 (33%)

तरबूज खाने से एक ही परिवार के 4 की मौत

MUMBAI : मुंबई में एक ऐसी घटना घटी है, जिस पर विश्वास करना आसान नहीं, लेकिन सच है. महानगर में पहले बिरयानी और बाद में तरबूज खाना एक परिवार पर भारी पड़ गया. भोजन विषाक्तता का शिकार होने के बाद परिवार के चार सदस्यों की मौत हो गई. मरने वालों में 40 वर्षीय पति, उनकी 35 वर्षीय पत्नी और उनकी 16 और 13 वर्षीय दो बेटियां शामिल हैं. सभी का पोस्टमार्टम हो चुका है, लेकिन अभी तक यह बात स्पष्ट नहीं हो सकी है कि ये मौतें बिरयानी खाने से हुई या फिर तरबूज खाने से.

श्रमिक हिंसाः 3 की पुलिस कस्टडी रिमांड मंजूर

GREATER NOIDA: अदालत ने श्रमिक हिंसा मामले में तीन आरोपितों सत्यम वर्मा, हिमांशु ठाकुर और आदित्य आनंद की पुलिस कस्टडी रिमांड मंजूर कर ली है. अपर मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट (तृतीय) विरेंद्र अग्रवाल की अदालत ने आदेश में कहा कि मामले की विवेचना के लिए आरोपितों से पूछताछ और डिजिटल साक्ष्य की बरामदगी आवश्यक है.

MANAPPURAM FINANCE LTD.
CIN: L65910KL1992PLC006623, Registered Office: W - 4/ 638A,
Manappuram House, P.o. Valapad, Thrissur - 680 567, Kerala, India

निलामी सूचना

[illegible]

अधिकृत अधिकारी
मणप्पुरम फाइनेंस लि. हेतु

कार्यालय संयुक्त प्रवेश परीक्षा परिषद, उत्तर प्रदेश,
1- गुरु गोविन्द सिंह मार्ग, लखनऊ

संयुक्त प्रवेश परीक्षा (पॉलीटेक्निक)-2026 में ऑनलाइन आवेदन करने के सम्बन्ध में सूचना

[illegible] www.jeecup.admissions.nic.in [illegible] 15.01.2026 [illegible] 30.04.2026 [illegible]

सचिव

प्रवेश परीक्षा की विस्तृत जानकारी हेतु परिषद की वेबसाइट www.jeecup.admissions.nic.in पर जाएं, [illegible]

कार्यालय ग्राम पंचायत सेन्दुआर विकास खण्ड-सुकरौली जनपद- कुशीनगर

पूर्णकालिक/ अल्पकालिक निविदा आपूर्ति सूचना 2026-27

[illegible]

नियम एवं शर्तें–

[illegible]

रामेश्वर सिंह
ग्राम प्रधान

नीरज कुमार सिंह
ग्राम पंचायत अधिकारी

कार्यालय ग्राम पंचायत भगवानपुर खुर्द विकास खण्ड-सुकरौली जनपद- कुशीनगर

पूर्णकालिक/ अल्पकालिक निविदा आपूर्ति सूचना 2026-27

[illegible]

नियम एवं शर्तें–

[illegible]

उषा देवी
ग्राम प्रधान

मुलायम सिंह यादव
ग्राम पंचायत अधिकारी

शादी बिना साथ रहे, बच्चा पैदा किया तो रेप कैसे?

फिजिकल रिलेशन सहमति से बने यह क्रिमिनल केस नहीं: सुप्रीम कोर्ट

NEW DELHI (27 April) : सुप्रीम कोर्ट ने लिव इन रिलेशनशिप में रह रहे कपल्स को लेकर अहम टिप्पणी की है. कोर्ट का कहना है कि अगर फिजिकल रिलेशन सहमति से बने और बाद में दोनों अलग हो गए, तो इसे रेप नहीं माना जा सकता है. मामले में महिला ने अपने लिव इन पार्टनर पर शादी का झूठा वादा करके रेप करने का आरोप लगाया है. ये दोनों लंबे समय से साथ रह रहे थे और दोनों का एक बच्चा भी है. सुप्रीम कोर्ट ने सवाल उठाया, महिला आरोपी के साथ क्यों रहने लगी थी? ये इकलौती महिला जज जस्टिस बीवी नागरत्ना की बेंच के सामने आया. याचिकाकर्ता की ओर से वकील ने दलील दी कि महिला, 18 साल की उम्र में विधवा हो गई थी. फिर वो आरोपी के संपर्क में आई.

PIC: SOCIAL MEDIA

आरोपी ने छिपाई पहली शादी

सुनवाई के दौरान जस्टिस नागरत्ना ने सवाल उठाया कि महिला शादी से पहले आरोपी के साथ क्यों रहने लगी? ऐसे सवाल पूछने पर अक्सर 'विक्टिम शेमिंग' का आरोप लगता है. लेकिन लिव-इन रिलेशनशिप के मामलों में इन परिस्थितियों को समझना बेहद जरूरी हो जाता है. जब वकील ने बताया कि आरोपी पहले से शादीशुदा था और महिला से यह छिपाया गया, तब कोर्ट ने पूछा कि महिला ने उसके साथ रहना और बच्चा पैदा करने का फैसला क्यों लिया? अगर संबंध सहमति से बना और दोनों लंबे समय तक साथ रहे, तो बाद में अलग होने पर इसे आपराधिक मामला नहीं माना जा सकता. जस्टिस नागरत्ना ने कहा कि ऐसे 'लिव-इन रिलेशनशिप' में अक्सर यह स्थिति बनती है कि संबंध टूटने के बाद महिला द्वारा रेप का आरोप लगाया जाता है, संबंध पहले सहमति से था.

PIC: AGENCY

Heritage Fest

राजस्थान की डिप्टी चीफ मिनिस्टर दिव्या कुमारी ने जयपुर के जय महल पैलेस में ऑर्गनाइज 'द ग्रेट इंडियन ट्रैवल बाजार' के इनॉग्रेशन इवेंट में हिस्सा लिया. इस मौके पर आर्टिस्ट्स ने फोक डांस परफॉर्म किया. यह इवेंट भारत के टूरिज्म को बढ़ावा देने के उद्देश्य से किया जाता है

दिल्ली के चार स्कूलों को ई-मेल भेज बम से उड़ाने की धमकी

NEW DELHI (27 April) : दिल्ली में मंडे को चार स्कूलों को ईमेल के जरिए बम से उड़ाने की धमकी मिली. इन धमकियों से स्कूलों में दहशत फैल गई. हालांकि, बाद में दिल्ली अग्निशमन सेवा के एक अधिकारी ने इसे फर्जी बताया. अधिकारी के अनुसार, अलर्ट मिलते ही तुरंत दमकल की गाड़ियां मौके पर भेजी गईं. स्थानीय पुलिस और स्कूल अधिकारियों के साथ मिलकर तलाशी और निकासी अभियान चलाया गया. टीमों ने परिसरों की गहन जांच की. किसी भी स्थान पर कोई संदिग्ध वस्तु नहीं मिली. सभी धमकियों को फर्जी घोषित कर दिया गया है. जिन स्कूलों को बम की धमकी मिली, उनमें धौला कुआं, दिल्ली कैंट और शंकर विहार स्थित आर्मी पब्लिक स्कूल शामिल हैं. इनके अलावा द्वारका सेक्टर 14 स्थित सीआरपीएफ स्कूल भी शामिल था. अधिकारियों ने बताया कि मानक सुरक्षा प्रोटोकॉल का पालन किया गया. इस दौरान छात्रों और कर्मचारियों को सुरक्षित बाहर निकाला गया. एहतियात के तौर पर तलाशी के दौरान छात्रों और कर्मचारियों को सुरक्षित बाहर निकाला गया. छात्रों का परिवार भी जानकारी मिलते ही स्कूल में पहुंचा. हॉस्पिटल में भी पहले ही इस बात की जानकारी दी गई थी.इस घटना के बाद सुरक्षा व्यवस्था और कड़ी कर दी गई है. पुलिस और अन्य एजेंसियां मिलकर काम कर रही हैं.

कार्यालय ग्राम पंचायत भगवानपुर बुजुर्ग विकास खण्ड-सुकरौली जनपद- कुशीनगर

पूर्णकालिक/ अल्पकालिक निविदा आपूर्ति सूचना 2026-27

[illegible]

नियम एवं शर्तें–

[illegible]

ध्रुव नारायण सिंह
ग्राम प्रधान

मुलायम सिंह यादव
ग्राम पंचायत अधिकारी

कार्यालय ग्राम पंचायत पिपरही विकास खण्ड-सुकरौली जनपद- कुशीनगर

पूर्णकालिक/ अल्पकालिक निविदा आपूर्ति सूचना 2026-27

[illegible]

नियम एवं शर्तें–

[illegible]

सुमित्रा देवी
ग्राम प्रधान

मुलायम सिंह यादव
ग्राम पंचायत अधिकारी